12. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

कई शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग भाषा को सरल बनाता है। इसे अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करना कहते हैं। इससे भाषा आकर्षक एवं प्रभावशाली बनती है।

- ❖ पाठ पृष्ठ 53 पर दिए चित्रों और अनेक शब्दों को पढ़ें। फिर अनेक शब्दों के स्थान पर उनका एक शब्द भी बताएँ।
- ❖ समझाएँ, इससे भाषा आसान बन जाती है।
- ❖ कुछ अनेक शब्द बोलें तथा बच्चों से उनका एक शब्द बताने को कहें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 53-54 पर दिए अनेक शब्द और उनका एक शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान दें। जिन बच्चों का उच्चारण कमज़ोर हो, उनसे अधिकाधिक पढ़वाएँ। इससे उनका उच्चारण शुद्ध होगा तथा उनकी झिझक भी दूर होगी।
- ❖ पाठ अभ्यास करने में बच्चों की यथासंभव सहायता करें।